This question paper contains 7 printed pages]

आपका अनुक्रमांक ....

5142

B.Com. (H.)/II E

Paper XV—HINDI (B)

(आधुनिक भारतीय भाषा : हिंदी 'ख')

(प्रवेश-वर्ष 2004 और तत्पश्चात्)

समय : 2 घण्टे पूर्णांक : 50

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

टिप्पणी : प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक 'स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग' के बी. कॉम. (ऑनर्स) में प्रवेश-प्राप्त छात्रों के लिए मान्य हैं । नियमित विद्यार्थियों के लिए इन अंकों का समानुपातिक पुनर्निर्धारण परीक्षाफल तैयार करते समय किया जाएगा ।

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

P.T.O.

प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : 5

चारु चन्द्र की चंचल किरणें
खेल रहीं हैं जल-थल में,
स्वच्छ चाँदनी बिछी हुई है
अवनि और अम्बरतल में ।
पुलक प्रकट करती है धरती
हरित तृणों की नोकों से
मानो झूम रहे हैं तरु भी
मन्द पवन के झोंकों से ।

अथवा

जो कह दिया, उसे कहने में
फिर मुझको संकोच नहीं,
अपने भावी जीवन की भी
जी में कोई सोच नहीं ।
मन में कुछ, वचनों में कुछ हो
मुझमें ऐसी बात नहीं ।
सहज शक्ति मुझमें अमोघ है,
दाँव, पेंच या घात नहीं ॥

2. प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : 5

राजन ! मार्मिकता से प्रजा की पुकार सुनना । युद्धयात्राएँ अब तुम्हें विजय देंगी । इस अभिषेक का यही फल है । किन्तु राजन्, विजयों का व्यवसाय न चलाना, नहीं तो उसमें घाटा भी उठाना पड़ता है । सृष्टि की उन्नति के लिए ही राष्ट्र है । बल का प्रयोग वहीं करना चाहिए जहाँ उन्नति में बाधा हो । केवल मद से उस बल का दुरुपयोग न होना चाहिए ।

अथवा

मैं यादवी हूँ । मैंने अपनी इच्छा से नाग-परिणय किया था, पर उनकी कुटिलता न सह सकी । कारण यह कि वे दिन-रात आर्यों से अपना प्रतिशोध लेने की चिन्ता में रहते थे । यह मुझसे सहन न हो सका, इसीलिए मैं उनका राज्य छोड़ कर चली आयी ।

3. तक्षक का चरित्र-चित्रण कीजिए । 7

अथवा

नाट्य कला की दृष्टि से 'जनमेजय का नागयज्ञ' की समीक्षा कीजिए ।

4. राम की चरित्रगत विशेषताओं का वर्णन कीजिए । 8

अथवा

'पंचवटी' का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए ।

5. 'कर्मभूमि' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर दीजिए :

(*i*) 'कर्मभूमि' की कोई **दो** प्रमुख विशेषताएँ बताइए ? 2

अथवा

सुखदा को अमर के नाम से चिढ़ क्यों थी ?

(*ii*) 'धर्म की क्षति जिस अनुपात से होती है उसी अनुपात से आडम्बर की वृद्धि होती है ।' स्पष्ट कीजिए । 3

अथवा

'कर्मभूमि' का उद्देश्य लिखिए ।

6. निम्नलिखित अनुच्छेद के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

संस्कृति ऐसी वस्तु नहीं जिसकी रचना सौ-पचास वर्षों में हो सके । अनेक शताब्दियों तक एक समाज के लोग जिस प्रणाली और पद्धति का अनुसरण करते हैं उनके विचारों-आचारों और पद्धति से उनकी संस्कृति जानी जा सकती है । वास्तव में संस्कृति जीवन के अनुभवों की एक प्रणाली है जो शताब्दियों से एकत्र होते-होते समाज के अन्दर प्रवेश कर जाती है । जिस समाज के संस्कारों में आज हम निवास करते हैं उसी समाज की सुधार-प्रणाली हमारी संस्कृति है । सभ्यता शरीर से सम्बन्धित है किन्तु संस्कृति हमारे अभ्यन्तर जीवन से सम्बन्धित है, जो जन्म-जन्मान्तर से हमारे साथ है और जन्म-जन्मान्तर तक

चलती रहेगी । हमारे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में जितने भी उत्सव होते हैं उनका आधार हमारी संस्कृति ही है ।

(i) प्रस्तुत अनुच्छेद का उचित शीर्षक दीजिए । 2

(ii) संस्कृति और सभ्यता का अन्तर स्पष्ट कीजिए । 3

7. (क) किन्हीं चार शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए : 2

भाशा, अस्तीत्व, तातपर्य, बियापक, आधीन, शत-पृतिशत, समाजिक ।

(ख) किन्हीं दो वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए : 3

(i) डॉक्टर, राधा आ गया है ।

(ii) शब्द केवल संकेत मात्र होते हैं ।

(iii) गरम भैंस का एक गिलास दूध लाओ ।

(iv) आपने पत्र में भाषा की अनेकों भूलें की हैं ।

8. (क) बिजली के बिल अधिक आने के सम्बन्ध में बिजली कंपनी के प्रबन्धक को एक शिकायती पत्र लिखिए । 5

अथवा

'राजधानी दिल्ली में स्त्रियों की बढ़ती असुरक्षा' पर प्रतिवेदन लिखिए ।

(ख) किसी **एक** पर 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : 5

(*i*) विश्व पुस्तक मेला

(*ii*) मतदान का अधिकार और युवा-वर्ग

(*iii*) राजनीति और भ्रष्टाचार ।